पत्र संख्या–26/विविध–01–01/2026............................/

**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग**

## आदेश

मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, पटना परिक्षेत्राधीन बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, आरा के अंतर्गत चंदवा से बगवतपुर तक 6.50 कि0मी की लंबाई में गांगी नदी के दाँयें बाँध (आरा शहर सुरक्षा तटबंध) पर सुदृढ़ीकरण एवं पक्कीकरण कार्य तथा बगवतपुर से धरहरा तक 1 कि0मी0 की लंबाई में आरा मुख्य नहर के बाँयें बाँध पर पक्कीकरण कार्य (एजेंडा सं0–228/04/2025) एकरारनामा सं0–03SBD/2024-25 दिनांक–19.06.2025 के तहत संवेदक श्री बजरंग कुमार, ग्राम–दुर्गापुर पो0–कलेर फतेहाबाद, अरवल, पिन–824127 को आवंटित किया गया। एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की निर्धारित तिथि–18.12.2026 है।

2. कार्यपालक अभियंता द्वारा स्थल निरीक्षण में पाया गया कि कार्य स्थल पर वांछित मात्रा में श्रमबल, मशीनरी एवं आवश्यक सामग्री का अभाव है, जिससे निर्धारित समय सीमा तक कार्य पूर्ण होना संदेहास्पद है। कार्य की धीमी प्रगति के कारण मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, पटना के पत्रांक–59 दिनांक–06.01.2026 द्वारा संवेदक को डिबार करने की अनुशंसा की गई।

3. मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, पटना से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक–163 दिनांक–09.01.2026 द्वारा संवेदक से कारण पृच्छा की गयी। तत्पश्चात संवेदक के पत्रांक–15 दिनांक–19.01.2026 द्वारा कारण पृच्छा प्रत्युत्तर समर्पित किया गया।

4. संवेदक से प्राप्त कारण–पृच्छा प्रत्युत्तर की समीक्षा बाढ़ (मो0) से करायी गयी। समीक्षा में Work programme dashboard पर दिनांक–17.02.2026 तक की मानवबल एवं मशीनरी के साप्ताहिक प्रतिवेदन में मानवबल 25 के विरूद्ध 5 एवं मशीनरी 18 के विरूद्ध 18 कार्यरत प्रतिवेदित किया गया साथ हीं मुख्य अभियंता, पटना द्वारा दिनांक–27.02.2026 को समर्पित अद्यतन सप्ताहिक प्रतिवेदन में कार्य की भौतिक प्रगति मात्र 15 प्रतिशत प्रतिवेदित किया गया है, जबकि WSIMS में उक्त कार्य Work programme के अनुसार माह फरवरी 2026 के अंत तक कार्य की भौतिक प्रगति 35 प्रतिशत होना चाहिए, जो Work programme के सापेक्ष कम है। उक्त से स्पष्ट होता है कि संवेदक द्वारा कार्य के प्रति कर्तव्यहीनता एवं लापरवाही बरती गयी है।

अतः मुख्य अभियंता, पटना से प्राप्त अनुशंसा एवं बाढ़ (मो0) द्वारा की गयी समीक्षा के आलोक में बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के नियम 11 (क) के कंडिका–(ii) के तहत संवेदक श्री बजरंग कुमार, ग्राम–दुर्गापुर पो0–कलेर फतेहाबाद, अरवल, पिन–824127 (निबंधन सं0–WRD280825C1IN32, श्रेणी–प्रथम) को इस कार्य के पूर्ण होने तक डिफाल्टर घोषित करते हुए अगली निविदा में भाग लेने से वंचित/डिबार किया जाता है।

ह0/–
(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांक :– 26 / विविध–01–01 / 2026 पटना / दिनांक :..........................................
प्रतिलिपि :– श्री बजरंग कुमार, ग्राम–दुर्गापुर पो0–कलेर फतेहाबाद, अरवल, पिन–824127 को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0 / –
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26 / विविध–01–01 / 2026 पटना, दिनांक :............................................
प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव, जल संसाधन विभाग / पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / ग्रामीण कार्य विभाग / लघु जल संसाधन विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26 / विविध–01–01 / 2026 पटना, दिनांक :............................................
प्रतिलिपिः– प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना / सभी अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग / सभी मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग / अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण यो0 एवं मो0, अंचल, पटना / अधीक्षण अभियंता, यो0 एवं मो0, अंचल–2,3,4, पटना / निदेशक, क्रय भंडार एवं सामग्री प्रबंधन, जल संसाधन विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26 / विविध–01–01 / 2026 पटना, दिनांक :............................................
प्रतिलिपिः– मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, पटना के पत्रांक–59 दिनांक–06.01.2026 के आलोक में सूचनार्थ प्रेषित।

ह0 / –
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26 / विविध–01–01 / 2026 1506 पटना, दिनांक :17.3.26........
प्रतिलिपिः– कार्यपालक अभियंता, प्रभारी आई0टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

16/3/26
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।